# सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा – 2024 का आयोजन

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी में दिनांक 1 से 15 मई, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न प्रभागों/प्रयोगशालाओं/अनुभागों एवं कार्यालय परिसर के अन्य स्थानों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा डॉ पंकज भूषण अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक की अध्यक्षता में गठित समिति ने संस्थान के स्वच्छता कर्मियों एवं अन्य सहकर्मियों के सहयोग से संस्थान परिसर में स्वच्छता संबंधी कार्य किया। इस दौरान कुछ अनुभागों/प्रभागों ने पुराने एवं अनावश्यक स्टेशनरी के निस्तारण के साथ-साथ खराब एवं अनुपयोगी सामान के निपटान संबंधी कार्रवाई भी की।






सहकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए
डॉ शशिकांत एस सदिस्तप, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी

**शपथ ग्रहण**

स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ दिनांक 1 मई, 2024 को संस्थान में आयोजित किए गए उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर **डॉ शशिकांत एस सदिस्तप,** मुख्य वैज्ञानिक ने सभी सहकर्मियों को **स्वच्छता संबंधी शपथ** दिलाई। संस्थान के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों व अन्य सहकर्मियों के साथ-साथ अस्थायी सहकर्मी भी उपस्थित थे।

**<u>स्वच्छता शपथ</u>**

मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि :

- ✓ **मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा/रहूँगी और उसके लिए समय दूँगा/दूँगी ।**
- ✓ **हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा/करूँगी।**
- ✓ **मैं न गंदगी करूँगा/करूँगी, न किसी और को करने दूँगा/दूँगी।**
- ✓ **सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरुआत करूँगा/करूँगी।**
- ✓ **मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्व च्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।**
- ✓ **इस विचार के साथ, मैं गाँव-गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा/करूँगी। मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा/करवाऊँगी।**
- ✓ **मैं इसके लिए प्रयास करूँगा/करूँगी कि वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें।**
- ✓ **मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।**

अपने संक्षिप्त संबोधन में डॉ शशिकांत एस सदिस्तप, मुख्य वैज्ञानिक ने कहा कि अपने कार्यस्थल और कॉलोनी की स्वच्छता हमारा परम दायित्व है। उन्होंने सभी सहकर्मियों से आग्रह किया कि वे स्वच्छ भारत अभियान में अपना यथासंभव योगदान दें और स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के दौरान संस्थान की स्वच्छता गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लें।




स्वच्छता पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए
श्री जयशंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी

इस अवसर पर संस्थान के प्रशासन नियंत्रक **श्री जय शंकर शरण** ने **'कार्यालय में स्वच्छता की आवश्यकता एवं महत्व'** विषय पर उपयोगी एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया। अपने

व्याख्यान में उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया कि गाँधी जी स्वच्छता के प्रति बहुत आग्रही थे। श्री शरण ने देश में स्वच्छ भारत अभियान के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी शुरुआत वर्ष 2014 में गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। अपने व्याख्यान में उन्होंने संस्थान में स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता संबंधी भावी योजनाओं से भी अवगत कराया।



प्रशासन नियंत्रक श्री जय शंकर शरण को स्मृति चिह्न
भेंट कर सम्मानित करते हुए मंचस्थ अधिकारीगण

व्याख्यान के उपरांत डॉ सदिस्तप एवं अन्य अधिकारियों ने श्री जय शंकर शरण को **स्मृति चिह्न** भेंट कर सम्मानित किया।

इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ **पंकज भूषण अग्रवाल**, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने पखवाड़ा के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी।




स्वच्छता पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन करते हुए
श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी

कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थान के स्वच्छता नोडल अधिकारी **श्री रमेश बौरा**, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों में अलग-अलग अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सीएसआईआर सहित केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सभी कार्यालय एवं विभाग 1 से 15 मई की अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में संस्थान में भी स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित गतिविधियों का कैलेण्डर :

| दिनांक व समय | कार्यक्रम/गतिविधि |
|---|---|
| 1 मई, 2024 (प्रात: 11 बजे ) | स्वच्छता पखवाड़ा शुभारंभ एवं सहकर्मियों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण |
| 2-3 मई, 2024 | स्वच्छ किए जाने वाले मुख्य स्थानों को चिह्नित किया जाना एवं फोटोग्राफी |
| 4-5 मई, 2024 (शनिवार-रविवार) (प्रात: 8-12 बजे तक) | संस्थान/कॉलोनी परिसर में स्वच्छता हेतु स्वैच्छिक श्रमदान |
| 6 मई, 2024 | वैज्ञानिक समूहों/क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान (सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉ-निक्स विग) |
| 7 मई, 2024 | वैज्ञानिक समूहों/क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान (निर्वात इलेक्ट्रॉनिकी विग एवं ईएमई) |
| 8 मई, 2024 | वैज्ञानिक समूहों/क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान (पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, एआईटीजी विग एवं भंडार अनु.) |
| 9 मई, 2024 | प्रशासन भवन में स्वच्छता |
| 10 मई, 2024 | स्वच्छता विचार प्रतियोगिता |
| 13-14 मई, 2024 | ज्ञान संसाधन केंद्र (केआरसी) में स्वच्छता अभियान |
| 15 मई, 2024 | विभिन्न अनुभागों/प्रभागों से प्राप्त अनुपयोगी रद्दी/स्टेशनरी का निस्तारण |
| 17 मई, 2024 | समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह |

**स्वैच्छिक श्रमदान (4-5 मई, 2024)**

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान 4 एवं 5 मई, 2024 को साप्ताहिक अवकाश के दिन सहकर्मियों ने संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया की अगुवाई में कॉलोनी परिसर स्थित नेहरू पार्क एवं सीरी क्रिकेट मैदान में स्वच्छता हेतु स्वैच्छिक श्रमदान किया।

**स्वच्छता विचार प्रतियोगिता (10 मई, 2024)**

पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता विचार प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित

की गई : वर्ग (1) कक्षा 8 तक के विद्यार्थी, वर्ग (2) कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी; वर्ग (3) संस्थान के कार्मिक। प्रतियोगिता में गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन स्वच्छता विचार आमंत्रित किए गए थे। प्रतियोगिता में कुल 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संबोधित करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



समारोह में उपस्थित अधिकारीगण एवं सहकर्मीवृंद

**समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह**

स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 17 मई, 2024 को आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक **डॉ पी सी पंचारिया** ने की। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ पी सी पंचारिया ने स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति और संस्थान के स्वच्छता कर्मियों की सराहना की। स्वच्छ भारत अभियान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सरकार की इस पहल में देश के नागरिकों के योगदान को भी याद किया। स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बाहरी स्वच्छता के साथ आंतरिक (नैतिक) रूप से भी स्वस्थ होना भी जरूरी है। डॉ पंचारिया ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास में स्वच्छता का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि अपने देश, समाज और संस्थान की स्वच्छता हम सभी का नैतिक दायित्व है, इसके लिए हमें स्वयं आगे बढ़कर अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्थान एवं कॉलोनी परिसर की स्वच्छता भी हमारा संयुक्त दायित्व है। विगत 11 मई, 2024 को सीएसआईआर महानिदेशक डॉ एन कलैसेल्वी द्वारा संस्थान की स्वच्छता की सराहना को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि यद्यपि हमारे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने की परंपरा पहले से ही बनी हुई है तथापि संस्थान एवं कॉलोनी परिसर में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में प्रशासन नियंत्रक श्री जय शंकर शरण का योगदान एवं प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसके लिए उन्होंने श्री शरण की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि संस्थान परिसर में सभी सहकर्मियों और स्वच्छता टीम के सहयोग से यह अभियान अनवरत रूप से जारी रहेगा। संबोधन के अंत में उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्यों और सभी सहकर्मियों की सक्रिय सहभागिता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया तथा सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी।

स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने **स्वच्छता विचार प्रतियोगिता** के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। विजेताओं का विवरण निम्नवत है :

**वर्ग 1** (कक्षा 8 तक के विद्यार्थी – सीरी विद्या मंदिर एवं सहकर्मियों के बच्चे)

| नाम व पिता का नाम | स्थान |
|---|---|
| मास्टर रिदम सिंह पुत्र डॉ आर के सिंह | प्रथम |
| कु. योगनिशिका पुत्री श्री नवीन कुमार | द्वितीय |
| कु. मानवी पारीक पुत्री श्री पवन पारीक | तृतीय |

**वर्ग 2** (कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी – सीरी विद्या मंदिर एवं सहकर्मियों के बच्चे)

| नाम व पिता का नाम | स्थान |
|---|---|
| कु. सिद्धिका शेखावत पुत्री श्री युवराज सिंह | प्रथम |
| कु. मेघा शर्मा पुत्री श्री मुकेश कुमार शर्मा | द्वितीय |
| कु. दीपिका वर्मा पुत्री श्री मुनीश कुमार वर्मा | तृतीय |

**वर्ग 3** – संस्थान कार्मिक

| नाम व पदनाम | स्थान |
|---|---|
| श्री बिड्डिका पृदवी, तकनीशियन | प्रथम |
| श्री सुनील उदयवाल, अनुभाग अधिकारी | द्वितीय |




प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए
स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ पंकज भूषण अग्रवाल

इससे पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष **डॉ पंकज भूषण अग्रवाल**, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी।




समापन सत्र के दौरान स्वच्छता प्रहरियों के साथ डॉ पी सी पंचारिया ,
निदेशक, सीएसआईआर-सीरी; श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक
एवं डॉ पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक

कार्यक्रम के अंत में **श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक** ने **धन्यवाद ज्ञापित** किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए निदेशक महोदय के मार्गदर्शन और सभी सहकर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।




कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ आनंद अभिषेक, वरिष्ठ वैज्ञानिक

समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य **डॉ आनंद अभिषेक, वरिष्ठ वैज्ञानिक** ने किया। कार्यक्रम संचालन के दौरान उन्हों ने निदेशक, सीएसआईआर-सीरी सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं सहकर्मियों सहित प्रतियोगिता के विजेताओं का स्वागत किया।

**स्वच्छता अभियान के दौरान लिए गए कुछ फोटो**























पहले



बाद में



पहले



बाद में

----------------------